# अध्याय–9

# मैंने नक्शा बनाया


73P3BU

सुखदा खुशी से कूदते–फाँदते स्कूल से घर लौटी। घर आते ही अपनी कॉपी निकालकर सबको दिखाने लगी। मैडम आज सुखदा के घर आएँगी। यह खुशी की बात है।

मैडम ने आज स्कूल में सभी बच्चों को नक्शा बनाने का कार्य दिया था– मैडम ने पूछा था, ''बच्चों, स्कूल से आपके घर कैसे पहुँचेंगे, नक्शा बनाकर दिखाइए? सुखदा ने अपने घर पहुंचने का नक्शा इस प्रकार बनाया था। मैडम ने बारी–बारी सबके घर जाने की बात की थी।''

**सुखदा का बनाया हुआ नक्शा–**

इसमें सुखदा दिशा का संकेत डालना भूल गई थी तो मैडम ने बना दिया था।




**संकेत सूची**

घंटा चौक

स्कूल

दुकान

पुल

रेल की पटरी

मन्दिर

पेड़

सड़क

नदी

घर

**बताइए–**

दिशा का संकेत नक्शे में डालना ज़रूरी क्यों होता है?

——————————————————————————————

सुखदा ने नक्शे के साथ संकेत सूची क्यों बनाई है?

——————————————————————————————

सुखदा नक्शे में कुछ संकेत बनाना भूल गई है। वे संकेत सूची के खाली स्थानों में आप बनाइए।

सुखदा का घर स्कूल के किस दिशा में हैं?

——————————————————————————————

घंटा चौक के पूर्व में क्या हैं ?

——————————————————————————————

स्कूल से निकलकर किस दिशा में चलने पर घंटा चौक आएगा?

——————————————————————————————

स्कूल से घंटा चौक आते समय कौन कौन सी चीजें पूर्व की ओर आती हैं?

——————————————————————————————

जब घंटा चौक से स्कूल जाते हैं तब क्या वे चीजें पूर्व की तरफ ही आती हैं? ऐसा क्यों होता होगा सोचकर लिखिए।

——————————————————————————————

नक्शा बनाते समय रामू काका की दुकान और बलदेव काका की दुकान दर्शाने में सुखदा सोच में पड़ गई। उसने दो एक जैसे डिब्बें बना दिए– मगर बलदेव काका तो सब्जी बेचते हैं और रामू काका लकड़ी का सामान।

आप सुखदा की जगह होते तो ऐसी परिस्थिति में क्या करते?

——————————————————————————————

——————————————————————————————

## हमारा राज्य हमारा जिला

अगले दिन कक्षा में मैडम बिहार का नक्शा ले आई जो इस प्रकार है।




मैडम– ''इस नक्शे में बिहार के विभिन्न जिलों को दर्शाया गया है।''

**नक्शा देखकर बताइए–**

राज्य की सीमाओं को किस प्रकार की रेखाओं से दर्शाया गया है?

जिलों की सीमाओं को किस प्रकार की रेखाओं से दर्शाया गया है?

नक्शे की संकेत सूची में सीमाओं के संकेत के आगे नाम लिखिए कि वह किस प्रकार की सीमा है?

अन्य नक्शे अथवा एटलस में देखकर उपरोक्त बातों की जाँच कीजिए।

बिहार में कुल कितने जिले हैं गिनकर लिखिए–

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

आप जिस जिले में रहते हैं नक्शे में नाम ढूँढकर उसमें रंग भरिए।

____________________________________________

अपने पड़ोसी जिलों के नाम लिखिए। वे किन दिशाओं में हैं यह भी लिखिए।

| जिले का नाम | दिशा |
|---|---|
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |

वैशाली जिले के पूर्व में कौन–सा जिला है?

———————————————————————————————

———————————————————————————————

जहानाबाद जिले के दक्षिण में कौन–सा जिला है?

———————————————————————————————

———————————————————————————————

बिहार के पड़ोसी राज्यों के नाम नक्शा देखकर लिखिए।

———————————————————————————————

———————————————————————————————

बिहार राज्य की सीमा से किस देश की सीमा जुड़ी है?

———————————————————————————————

बिहार के नक्शे को देखकर आप और क्या–क्या लिख सकते हैं? कोई तीन बातें लिखिए।

———————————————————————————————

———————————————————————————————

———————————————————————————————

अपने दोस्तों से चर्चा कर नक्शे के बारे में लिखिए।

———————————————————————————————

———————————————————————————————